ECO-2

BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

Term-End Examination

December, 2008

ELECTIVE COURSE : COMMERCE

ECO-2 : ACCOUNTANCY-I

Time : 2 hours | *Maximum Marks : 50*

Note : *Attempt any **four** questions, including question no. 1 which is **compulsory**.*

1. Answer any ***two*** questions from the following : 7+7

(a) What do you understand by Dual Aspect Concept ? Explain its accounting implications.

(b) What do you mean by Trial Balance ? Explain the methods of preparing it.

(c) Explain the advantages of preparing a Bank Reconciliation Statement.

(d) Prepare an imaginary specimen of a bill of exchange and state the purpose of noting thereon.

2. Why do some adjustments become necessary at the time of preparing the final accounts ? Name any two items of adjustment and explain how they are shown in the final accounts and the journal entries passed for the same. *12*

3. Give journal entries to rectify the following errors using Suspense Account, where necessary : *6×2*

(i) A credit purchase of Rs. 2,800 was passed through the Sales Day Book.

(ii) Goods of the value of Rs. 2,000 returned by Mr. Gupta were entered in the Sales Day Book and posted therefrom to the credit of his account.

(iii) No entry had been passed for goods worth Rs. 2,600 stolen from the shop.

(iv) Rs. 3,000 received from a customer as an advance against order was credited to Sales A/c.

(v) A sum of Rs. 800 written off as depreciation on Machinery was not posted to Depreciation A/c.

(vi) Payment of Rs. 500 to Mohan and Rs. 600 to Sohan was made but Mohan was debited with Rs. 600 and Sohan with Rs. 500.

4. (a) What is an 'Account Sales' ? How do you prepare it ? State how it is useful to the consignor.

(b) Explain the 'separate set of books method' for maintaining joint venture accounts. *6+6*

5. (a) What are Adjustment Accounts prepared under self-balancing system ? Give journal entries necessary for self-balancing the General Ledger.

(b) What is meant by Incomplete Records ? What are their limitations ? *6+6*

6. (a) Rahim purchased a second hand machine on 1^{st} April, 2005 for Rs. 7,40,000 and spent Rs. 60,000 on its repairs and installation. On 1^{st} October, 2006, he purchased another machine for Rs. 2,00,000. On 1^{st} October, 2007, he sold off the first machine for Rs. 5,60,000 and bought another for Rs. 5,00,000. Depreciation is to be provided at 10% per annum on the original cost every year.

Prepare Machinery Account for 2005 – 06, 2006 – 07 and 2007 – 08.

(b) How do you deal with donations in the final accounts of a non-profit organisation ? Explain it with example. *8+4*

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2008

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

ई.सी.ओ.-2 : लेखाविधि-I

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिनमें प्रश्न संख्या 1 शामिल हो क्योंकि वह **अनिवार्य** है ।*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7+7

(अ) द्विपक्षीय संकल्पना से क्या तात्पर्य है ? लेखाकरण पर इसके प्रभावों की व्याख्या कीजिए ।

(ब) तलपट से क्या तात्पर्य है ? इसे बनाने की विभिन्न पद्धतियों की व्याख्या कीजिए ।

(स) बैंक समाधान विवरण बनाने के लाभों की व्याख्या कीजिए ।

(द) कल्पित विवरण के आधार पर विनिमय पत्र का नमूना तैयार कीजिए तथा इस पर नोटिंग करने का उद्देश्य बताइए ।

2. अन्तिम लेखे तैयार करते समय कुछ समायोजन क्योंकर आवश्यक हो जाते हैं ? समायोजनों की किन्हीं दो मदों के नाम लिखिए तथा व्याख्या कीजिए कि उन्हें अन्तिम लेखों में किस प्रकार दिखाया जाता है और उनके लिए क्या जर्नल प्रविष्टियाँ की जाती हैं । *12*

3. निम्नलिखित अशुद्धियों के संशोधन के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए और जहाँ आवश्यक हो उचंत खाते (Suspense Account) का उपयोग कीजिए : *6×2*

(i) 2,800 रु. के उधार क्रय की प्रविष्टि विक्रय दैनिक बही में कर दी गई ।

(ii) श्री गुप्ता द्वारा वापस किए गए 2,000 रु. के माल की प्रविष्टि विक्रय दैनिक बही में कर दी गई जिसकी खतौनी श्री गुप्ता के खाते के क्रेडिट पक्ष में की गई ।

(iii) दुकान से चोरी हुए 2,600 रु. के माल की कोई प्रविष्टि नहीं की गई ।

(iv) एक ऑर्डर के लिए ग्राहक द्वारा दी गई 3,000 रु. की अग्रिम राशि विक्रय खाते के क्रेडिट पक्ष में दिखा दी गई ।

(v) एक मशीन पर लगाए गए मूल्यह्रास की 800 रु. की राशि की मूल्यह्रास खाते में खतौनी नहीं की गई ।

(vi) मोहन को 500 रु. तथा सोहन को 600 रु. का भुगतान किया गया, किन्तु बहियों में मोहन को, 600 रु. तथा सोहन को 500 रु. से डेबिट किया गया ।

4. (अ) 'विक्रय-विवरण' (Account Sales) से क्या तात्पर्य है ? आप इसे कैसे बनाते हैं ? यह भी बताइए कि यह विवरण प्रेषक के लिए किस प्रकार उपयोगी होता है ।

(ब) संयुक्त उपक्रम सम्बन्धी खातों में लेखा करने की 'पृथक् लेखा पुस्तक विधि' की व्याख्या कीजिए । *6+6*

5. (अ) स्व-संतुलन प्रणाली के अन्तर्गत बनाए जाने वाले समायोजन खातों से क्या तात्पर्य है ? सामान्य लेजर को स्व-संतुलित करने के लिए की जाने वाली आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ बताइए ।

(ब) अपूर्ण अभिलेखों से क्या तात्पर्य है ? उनकी क्या सीमाएँ हैं ? *6+6*

6. (अ) रहीम ने 1 अप्रैल, 2005 को 7,40,000 रु. में एक पुरानी मशीन खरीदी और उसकी मरम्मत तथा उसके लगाने (installation) पर उसने 60,000 रु. व्यय किए । 1 अक्टूबर, 2006 को उसने एक और मशीन 2,00,000 रु. में क्रय की । 1 अक्टूबर, 2007 को उसने पहली मशीन 5,60,000 रु. में बेच दी और एक नई मशीन 5,00,000 रु. में खरीदी । हर वर्ष मूल लागत पर 10% प्रति वर्ष की दर से मूल्यह्रास लगाया जाना है ।

2005 – 06, 2006 – 07 तथा 2007 – 08 वर्षों के लिए मशीन खाता बनाइए ।

(ब) एक ग़ैर-व्यापारिक संगठन के अन्तिम लेखों में आप दान (donations) का लेखा किस प्रकार करते हैं ? उदाहरण सहित इसकी व्याख्या कीजिए । *8+4*